संचय
SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

अगस्त 2007 (अंक 171) | August 2007 (Issue 171)



श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, राज्य में संसाधनों को एकत्रित करने के लिये अपनाई जाने वाली नीति के संबंध में हुयी बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार के वित्त मंत्री माननीय डा. असिमदास गुप्ता का स्वागत करते हुये दिखाई दे रहे।

## माननीय वित्त मंत्री पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में अल्प बचत संग्रहण की प्रगति की समीक्षा की।

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अगस्त 2007 में अपने कोलकाता दौरे के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार के वित्त मंत्री माननीय डा. असीमदास गुप्ता और वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और वर्ष 2007-08 के लिए पश्चिम बंगाल राज्य के लिये निर्धारित रु. दस हजार करोड़ के शुद्ध लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अपनाई जाने वाली नीतियों की चर्चा कि। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक ने माननीय वित्त मंत्री को राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा छः माह में (अगस्त 2007 से दिसम्बर 2007) एक लाख खाते खोलने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य के बारे में बताया जिससे कि राष्ट्रीय बचत संस्थान का मार्केट शेयर बनाया रखा जा सके। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान के द्वारा पुरे देश में ग्रामीण, दूर-दराज और पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष बचत अभियान तथा प्रचार के माध्यम से आरम्भ किया जायेगा।

उन्होंने माननीय वित्त मंत्री को यह भी बताया कि राष्ट्रीय बचत संस्थान विभिन्न वितरण माध्यम जैसे डाक विभाग, बैंक कर्मियों और अल्प बचत अभिकर्ताओं के लिये राज्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम कर रहा है जिससे कि ये माध्यम अधिक से अधिक बचत एकत्रित करे और राष्ट्रीय बचत संस्थान के निवेशकों को उत्कृष्ट उपभोक्ता सेवाएं प्रदान कर सके। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय बचत संस्थान, एशिया प्रशांत क्षेत्र विश्व बैंक बचत संस्थान के सदस्य देशो के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्री अनिल भट्टाचार्य ने श्री एस. सरकार, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल पश्चिम बंगाल, से भी मुलाकात की और वितरण माध्यमों से अभिकर्ताओं, निवेशकों को होने वाली विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की और उन्होंने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्री राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़ केन्द्र द्वारा डाकघर कर्मियों के लिये आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुये एवं श्री वी.के. मलहोत्रा, उप निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे है।

## भारत सरकार ने डाकघर मासिक आय योजना में संशोधन किया

केन्द्रीय सरकार, सरकारी बचत बैंक अधिनियम 1873 (1873 का 5) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये डाक घर (मासिक आय खाता) नियम 1987 का संशोधन अधिसूचना सं.सा. का नि 521 (अ) दिनांक 1–8–2007 द्वारा किया हैं और इन नियमों का संक्षिप्त नाम डाकघर (मासिक आय खाता) संशोधन नियम 2007 है। ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगें।

संशोधन के अन्तर्गत कोई जमाकर्ता इन नियमों के तहत एक से अधिक खाता खोल सकता है बशर्ते कि नियम 4 के अंतर्गत एकल खाता में, सभी खातो को मिलकर रु. 4.5 लाख से अधिक नही हो तथा संयुक्त खाता में सभी खातों के जमा को मिलाकर रु. 9 लाख से अधिक नही होना चाहिए। पहले यह सीमा एकल खाता के लिये रु. 3 लाख और संयुक्त खाता के लिये रु. 6 लाख थी। इसी प्रकार नियम 5 (1) अन्तर्गत डाकघर मासिक आय योजना खाता में रु. 1,500/– के गुणको में एकल खाता में रु. 4.5 लाख तथा संयुक्त खाता में रु. 9 लाख तक केवल एक बार जमा कर सकते है।




श्रीमती मीरा शेखर, प्रबन्धक (प्रशिक्षण) भारतीय स्टेट बैंक प्रशिक्षण केन्द्र बैंगलोर, राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर केन्द्र द्वारा बैंगलोर में महिला प्रधान अभिकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभिकर्ताओ को संबोधित करती हुयी दिखाई दे रही है। साथ ही श्री वी.एन. मुक्कनवारे, क्षेत्रीय निदेशक और श्री राजू बाबू क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर भी दिखाई दे रहे है।




श्री एस. गौरियार, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल राजस्थान जयपुर, राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा अगस्त 2007 डाक कर्मियों के लिये आयोजित कार्यशाला का परम्परागत दीप प्रज्वलित कर उद्धाटन करते हुये। साथ ही (बाये से दाये) श्री डी. मुद्‌गल, वरिष्ठ अधिक्षक डाकघर जयपुर शहर, श्री. एम.के. मलहोत्रा, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र, श्री ए.के. चौहान, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान लखनऊ केन्द्र और श्री अंबेरा उपमन्यू, निदेशक, डाक सेवा जयपुर भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने जयपुर में डाक कर्मियों के लिये कार्यशाला का आयोजन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र ने डाक विभाग के सहयोग से जयपुर में 26 अगस्त 2007 को डाक कर्मियों के लिये कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य डाकघर के माध्यम से बचत उत्पादों के प्रचालन में डाक विभाग के कर्मियों को नियमों, प्रक्रियाओं से अवगत करना था जिससे कि वे उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान कर जमा संग्रहण को बढ़ाते हुये अपना मार्केट शेअर बढ़ाये।

श्री एस. गौरियार, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल राजस्थान जयपुर ने इस कार्यशाला का उद्‌घाटन किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहाँ कि डाक घर बचत बैंक देश में एक सबसे पुराना बचत बँक हैं और बचत संसाधनो को एकत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहाँ कि डाकघर बचत बैंक अब ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँचकर लोगों को अभिप्रेरित कर ग्रामीण क्षेत्र से धन जमा करने जा रहा हैं। उन्होंने डाकघर अधिकारियों के लिये इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन करने के लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान के प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त की इससे डाक विभाग को निवेशको और अभिकर्ताओ को उत्कृष्ट सेवाएँ देने में मदत मिलेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री ए.के. चौहान, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान लखनऊ केन्द्र, श्री एम.के. मलहोत्रा, क्षेत्रीय निदेशक और राष्ट्रीय बचत संस्थान के अन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया। श्री राजेश गुप्ता, आयकर अधिकारी ने टी.डी.एस. कटौती पर जानकारी दी।




श्री एस.के. देबनाथ, निदेशक, अल्प बचत, त्रिपुरा सरकार, राष्ट्रीय बचत संस्थान गुवाहाटी द्वारा अगरतला में अल्प बचत अभिकर्ताओ के लिये आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित करते हुय (बाये से दायें) श्री आर.एन. मुखर्जी, उपनिदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, श्री बी.आर. देबनाथ विकास अधिकारी और श्री टी. बसक विकास अधिकारी भी दिखाई दे रहे है।

# अप्रैल से जून 2007 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2006 तक | | जून 2007 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2268.12 | 797.13 | 2227.16 | -38.36 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 13.97 | 7.06 | 17.34 | 6.34 |
| 3. | असम | 326.80 | 215.77 | 280.11 | -116.48 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 4.68 | 2.26 | 4.02 | 0.43 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 56.23 | -4.86 | 65.58 | -28.60 |
| 6. | बिहार | 1071.44 | 368.73 | 1344.37 | 223.71 |
| 7. | झारखंड | 471.46 | 212.27 | 467.69 | -15.15 |
| 8. | चंडीगढ | 94.63 | -12.96 | 82.35 | -58.32 |
| 9. | दमण एवं दीव | 47.86 | 20.84 | 108.11 | -6.61 |
| 10. | दिल्ली | 1529.75 | 420.01 | 1069.76 | -515.12 |
| 11. | गोवा | 108.58 | 57.05 | 80.55 | 5.55 |
| 12. | गुजरात | 3336.47 | 1180.11 | 2895.16 | -511.33 |
| 13. | हरियाणा | 1133.45 | 256.26 | 1046.21 | -141.54 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 524.51 | 163.16 | 562.19 | 10.55 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 307.31 | 95.30 | 381.23 | -16.71 |
| 16. | कर्नाटक | 1694.34 | 447.55 | 1189.63 | -321.90 |
| 17. | केरल | 1194.47 | 398.39 | 947.14 | -68.22 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.31 | 0.17 | 0.30 | 0.05 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 1054.25 | 371.40 | 942.91 | -134.13 |
| 20. | छत्तीसगढ | 341.88 | 122.02 | 343.06 | -6.94 |
| 21. | महाराष्ट्र | 3829.62 | 1314.64 | 2976.94 | -316.95 |
| 22. | मणिपुर | 19.25 | 2.23 | 13.40 | -3.61 |
| 23. | मेघालय | 28.58 | 2.86 | 25.35 | -4.13 |
| 24. | मिझोरम | 14.89 | 1.72 | 14.69 | -1.63 |
| 25. | नागालैंड | 7.41 | 2.86 | 6.06 | -0.34 |
| 26. | उडीसा | 591.21 | 222.66 | 614.86 | 24.77 |
| 27. | पांडीचेरी | 29.87 | 4.91 | 22.88 | -11.35 |
| 28. | पंजाब | 2079.69 | 541.98 | 2011.07 | -348.52 |
| 29. | राजस्थान | 1571.19 | 340.72 | 1559.95 | -402.91 |
| 30. | सिक्कीम | 4.25 | 0.98 | 8.92 | -4.61 |
| 31. | तमिलनाडू | 2504.02 | 815.96 | 1895.23 | -392.97 |
| 32. | त्रिपूरा | 91.77 | 33.36 | 65.69 | -1.37 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 3319.31 | 1073.74 | 3610.49 | 3.44 |
| 34. | उत्तरांचल | 485.98 | 157.92 | 500.46 | 23.08 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 3655.98 | 1586.46 | 3620.45 | -39.32 |
| | कुल | 33813.53 | 10789.11 | 31001.38 | -3209.18 |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR